भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. 1346
सोमवार, 28 जुलाई, 2025/6 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व में पर्यटन का विकास**

**1346. श्री बंटी विवेक साहू:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को ज्ञात है कि मध्य प्रदेश में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व और आसपास के क्षेत्रों में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और इसे रोजगार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर विकसित किया जा सकता है;

(ख) क्या सरकार द्वारा वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन में पर्यटन आधारित निवेश के लिए इस क्षेत्र में गोनवाड़ी बोरी, पातालकोट, चिलक आदि जैसे स्थलों का प्रस्ताव दिया गया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और वर्तमान स्थिति क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो क्या सरकार पर्यटन के विकास के लिए इस पर विचार कर सकती है;

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): रोजगार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी के माध्यम से विकास सहित पर्यटन स्थलों और उत्पादों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों द्वारा किया जाता है।

मध्य प्रदेश राज्य सरकार ने सूचित किया है कि वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन के दौरान और अन्य माध्यमों से निवेशकों को मध्य प्रदेश पर्यटन निवेश नीति 2025 के प्रावधानों के अनुसार गोनवाड़ी बोरी, पातालकोट, चिलक आदि सहित पूरे राज्य में पर्यटन/आतिथ्य संबंधी परियोजनाओं में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

पर्यटन मंत्रालय अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', ‘स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)’, 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - स्वदेश दर्शन की एक उप-योजना और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके देश भर के पर्यटन स्थलों पर पर्यटन अवसंरचना के विकास के प्रयासों को संपूरित कर रहा है। यह वित्तीय सहायता निधि की उपलब्धता, योजना दिशानिर्देशों और समय-समय पर जारी अन्य निर्देशों के पालन, राज्य सरकारों

द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) प्रस्तुत करने, परस्पर प्राथमिकता आदि के अधीन प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने अपनी 'पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)' पहल के अंतर्गत पर्यटन परियोजनाओं के विकास हेतु राज्यों को वित्तीय सहायता भी प्रदान की है। मध्य प्रदेश राज्य में एसडी, एसडी 2.0, सीबीडीडी, प्रशाद और एसएएससीआई के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

**अनुबंध**

श्री बंटी विवेक साहू द्वारा सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व में पर्यटन का विकास के संबंध में दिनांक 28.07.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 1346 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**मध्य प्रदेश राज्य में एसडी, एसडी 2.0, सीबीडीडी, प्रशाद और एसएएससीआई के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | परिपथ/ स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|
| **स्वदेश दर्शन** | | | |
| 1. | पन्ना - मुकुंदपुर - संजय - डुबरी - बांधवगढ़ - कान्हा - मुक्की - पेंच में वन्यजीव परिपथ का विकास | वन्यजीव परिपथ 2015-16 | 92.10 |
| 2. | साँची - सतना - रीवा - मंदसौर - धार का विकास | बौद्ध परिपथ 2016-17 | 74.02 |
| 3. | ग्वालियर - ओरछा - खजुराहो - चंदेरी - भीमबेटका - मांडू का विकास | विरासत परिपथ 2016-17 | 89.82 |
| 4. | गांधीसागर बांध - मंडलेश्वर बांध - ओंकारेश्वर बांध - इंदिरा सागर बांध - तवा बांध - बरगी बांध - भेड़ा घाट - बाणसागर बांध - केन नदी का विकास | पारिस्थितिकी परिपथ 2017-18 | 93.76 |
| **एसडी 2.0** | | | |
| 1. | फूलबाग अनुभव क्षेत्र | 2023-24 | 16.73 |
| 2. | चित्रकूट में आध्यात्मिक अनुभव | 2023-24 | 27.21 |
| 3. | पीताम्बरा का विकास पीठ दतिया | 2024-25 | 44.24 |
| **सीबीडीडी** | | | |
| 1. | मध्यकालीन वैभव 2.0, ओरछा | 2024-25 | 25.00 |
| **प्रशाद** | | | |
| 1. | अमरकंटक का विकास | 2020-21 | 49.99 |
| 2. | ओंकारेश्वर का विकास | 2017-18 | 43.93 |
| **एसएएससीआई** | | | |
| 1. | ओरछा में ओरछा एक मध्यकालीन वैभव | 2024-25 | 99.92 |
| 2. | भोपाल में एमआईसीई के लिए अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर | 2024-25 | 99.38 |

*****